तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026


11 सेवा सहकारी समितियों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर...



12 झलमला में मां गंगा मैया की महाआरती, दीपों से ...



नवरात्रि विशेष



नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है- सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

भालूकोन्हा गांव में घुसा भालू, चार घरों में मचाया उत्पात, दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- वन विभाग ने आसपास के गांवों में कराई मुनादी, ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील

ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम भालूकोन्हा में शनिवार शाम जंगली भालू के गांव के भीतर घुस आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच भालू ने गांव के तीन-चार घरों में घुसकर उत्पात मचा दी।

उस समय गांव में सरस्वती उत्सव के अवसर पर जसगीत का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें शामिल होने के लिए कई ग्रामीण घरों से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान भालू बस्ती के भीतर पहुंच गया और घरों में घुसने लगा। राहत की बात यह रही कि भालू ने अब तक किसी ग्रामीण को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार, भालू ने ग्रामीण उमेश साहू के घर से तेल का डिब्बा उठा लिया और जंगल की ओर चला गया। इसके अलावा उसने ग्राम के लीलाधर देहारी, प्रेमबाई और दौवा निषाद के घरों में भी धावा बोला। अचानक घरों के आसपास भालू की मौजूदगी से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गए और भालू की गतिविधियों पर नजर रखने लगे। मोटरसाइकिल सवार से भी ▶▶| शेष पेज 10 पर

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई भालू की चहलकदमी, सुबह जंगल की ओर भागा



तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया

घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कोटवार व ग्रामीणों के सहयोग से देर रात तक भालू की तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया। रात करीब ढाई बजे गांव के तालाब पार स्थित मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भालू की चहलकदमी कैद हुई। फुटेज में भालू मंदिर परिसर में घूमता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद रविवार सुबह करीब चार बजे सर्चिंग टीम ने भालू को जंगल की ओर जाते हुए देखा।



कार्रवाई : मरारपारा और सदर रोड में दबिश, दो आरोपियों के कब्जे से पटाखे बरामद

अवैध पटाखा भंडारण पर कार्रवाई, दो प्रकरण दर्ज, 852 पैकेट और 6 कार्टन पटाखे जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध थाना बालोद पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। दो प्रकरणों में अलग–अलग 852 पैकेट एवं 06 कार्टून में भरे विभिन्न प्रकार के पटाखे के अवैध भंडारण का खुलासा हुआ। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

17 अक्टूबर को थाना बालोद पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बालोद क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने मकान एवं दुकान में विभिन्न प्रकार के पटाखों का अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर जांच एवं तलाशी की गई। प्रथम प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा वार्ड क्रं 09 मरारपारा बालोद आरोपिया के मकान में



तलाशी लेने पर विभिन्न प्रकार के लगभग 852 पैकेट पटाखे बरामद किए गए। पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस द्वारा पटाखों को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 एवं विस्फोटक अधिनियम, 1984 की धारा 9(ख)(1)(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसमे आरोपिया वार्ड क्रं 09 मरारपारा बालोद थाना व जिला बालोद निवासी पार्वती देवांगन पति अजय देवांगन 38 वर्ष के कब्जे से सामग्री जप्त की गई। द्वितीय प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा एक अन्य स्थान साकिर मनिहारी दुकान सदर रोड बालोद पर कार्रवाई करते हुए आरोपी की दुकान एवं मकान से विभिन्न प्रकार के कार्टून में भरे भिन्न–भिन्न के पटाखे बरामद किए गए। पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उक्त पटाखों को जब्त किया गया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 एवं विस्फोटक अधिनियम, 1984 की धारा 9(ख)(1)(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसमे आरोपी वार्ड क्रं 08 सदर रोड बालोद थाना व जिला बालोद निवासी मो0 साकिब पिता अब्दुल साकिर 35 वर्ष के कब्जे से सामग्री जप्त की गई। इस प्रकार दोनों प्रकरणों में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद कर जप्त किए गए हैं। पुलिस द्वारा दोनों मामलों में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से ▶▶| शेष पेज 10 पर

यक्षा साहू का राष्ट्रीय स्तर की रोलर स्केटिंग स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) राणाखुज्जी की कक्षा 11वीं की छात्रा यक्षा साहू ने इनलाइन रोलर स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

अंडर-17 आयु वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यक्षा ने पहले संभाग स्तर पर स्थान बनाया, इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यक्षा साहू की इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है। संभाग स्तर से राज्य स्तर तक का सफर तय करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना उनकी खेल प्रतिभा और निरंतर अभ्यास का



प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

यक्षा की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, नियमित अभ्यास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता की नई ऊंचाइयों को हासिल किया जा सकता है। खेल के क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि ▶▶| शेष पेज 10 पर

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बदलते भारत की आवाज Presents



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
(प्रधान संपादक)
हरिभूमि, आईएनएच



श्रीमती संगीता सिन्हा
विधायक बालोद



अनिला भेड़िया
विधायक डौंडीलोहारा



श्री कुंवर सिंह निषाद
विधायक गुंडरदेही



मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री



मा. भोजराज नाग
सांसद, कांकेर

जिला संवाद 2026

जिला संवाद 2026

जिला संवाद
बालोद
छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष

पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यो एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर

कार्यक्रम - 23 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार, समय - दोपहर 4.30 बजे
माहेश्वरी भवन गंजपारा,बालोद (छ.ग.)



श्री यशवंत जैन
प्रदेश महामंत्री भाजपा

श्री यज्ञदत्त शर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
लघु वनोपज (राज्य मंत्री)

श्री तोमन साहू
चेयरमेन राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी
एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद

श्री राकेश यादव
भाजपा विधानसभा बालोद प्रत्याशी

श्री वीरेंद्र साहू
पूर्व विधायक गुंडरदेही

श्री देवलाल ठाकुर
भाजपा प्रत्याशी डौंडीलोहारा

श्री कृष्णा दुबे
संयुक्त महामंत्री
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़

श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा
कलेक्टर, बालोद

किरण गंगाराम चौहान
एस.पी., बालोद

श्रीमती प्रतिभा चौधरी
अध्यक्ष नगर पालिका बालोद

श्रीमती तारिणी चंद्राकर
अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद

श्री देवन देशमुख
जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद

श्री चंद्रेश दिसवानी
जिला अध्यक्ष कांग्रेस बालोद

श्री लोटन लाल साहू
अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा

श्री रामेश्वर साहू
अध्यक्ष नगर पालिका पलारी

श्री जयंत किरी
उद्योग पति वरिष्ठ समाज सेवी

श्री हरीश सारवला
अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद

डॉ प्रदीप जैन
चेयरमेन अरिहंत अकैडमी

डॉ राहुल अग्रवाल
अध्यक्ष IMA

श्री गोविंद वाधवानी
अध्यक्ष दल्लीराजहरा व्यापारी संघ

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति बालोद के विकास को सुनिश्चित करेगी

MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DIGIANA 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24x7 जनता TV
CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 225 | 478 | NEXT DIGITAL 812 | JioTV 1163

खबर संक्षेप



जोरातराई में श्मशान घाट शेड प्रतीक्षालय, प्रार्थना शेड और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

गुण्डरदेही। ग्राम पंचायत जोरातराई में मशान घाट शेड व प्रतीक्षालय, शासकीय स्कूल प्रार्थना शेड, सामुदायिक भवन कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, कांति सोनेश्वरी, सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही कौशल किशोर साहू, बृजलाल साहू सरपंच, डॉ लक्ष्मीकांत साहू, ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, उप सरपंच शेखर साहू, रोमन सिंह साहू, हरिश्चंद्र अंगारे, गोविंद चंद्राकर, कौशिक साहू, दिलेश्वर सोमेश्वरी, घासीराम साहू, पचगण हिलेश्वर ठाकुर, गोवर्धन साहू, हेंमबाई, रिचा ठाकुर, खेमिन ढीमर, तेजस्वरी अंगारे, जागेश्वरी साहू, गोदावरी साहू, रोजगार सहायक रुक्मणी साहू एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सट्टेबाजों पर पुलिस का शिकंजा, तीन गिरफ्तार







दल्लीराजहरा। नगर में अवैध सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दल्लीराजहरा पुलिस ने 17 अक्टूबर को तीन आरोपियों को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन सट्टा-पट्टी पर्चियां, कुल 2,582 नगद और तीन डॉट पेन जब्त किए हैं। तीनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, शहीद अस्पताल के सामने माइंस रोड से वार्ड क्रमांक 19 निवासी कमल रामटेके (45 वर्ष) को पकड़ा गया। उसके पास से 882 नगद बरामद हुए। वहीं, चिखलाकसा रेलवे क्रॉसिंग के पास ग्राम कारूटोला निवासी राजाराम आरदे (62 वर्ष) और केशव राम मंडावी (35 वर्ष) को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया। दोनों के कब्जे से क्रमशः 500 और 1,200 नगद जब्त किए गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक किरण चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टा, शराब और नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों की सूचना देने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

कबड्डी स्पर्धा का समापन

बालोद/सिकोसा। ग्राम पंचायत भूसरेंगा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि थे। 4 घंटे की देरी के बावजूद उनके स्वागत के लिए कार्यकर्ता और ग्रामीण सड़क किनारे डटे रहे, भूपेश बघेल ने कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता–उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। भूपेश बघेल ने कहा कि छग की माटी में कबड्डी जैसा पारंपरिक खेल आज भी युवाओं को जोड़ने का काम कर रहा है। ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना ही नवा छग की पहचान है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलने के साथ ही आपसी भाईचारा और खेल भावना भी मजबूत होती है। ग्रामीण खेल हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं, जो युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, धमतरी विधायक ओंकार साहू, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष यनेश साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गुंडरदेही कचरू राम साहू, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, सरपंच कुमुदनी साहू, भोज साहू, अमृतानंद सिन्हा, सुचित्र साहू, रूपचंद जैन, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।


डौंडीलोहारा में विराजित मां दुर्गा प्रतिमा



जय मां शारदा उत्सव समिति बजरंग चौक ग्राम धनगांव



सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति रामनगर डौंडी लोहारा



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति राजा पारा

आयोजन : पंडवानी, भरथरी, जसगीत ने बांधा समां

कचांदूर में नवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक कला की प्रस्तुतियों पर देर रात तक झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति कचांदूर के तत्वाधान में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लहर गंगा लोक कला मंच, धनेली गुरुर के संचालक कृत पुराणिक साहू के दल द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की प्रस्तुति दी गई। पंडवानी, भरथरी, जस गीत, सुआ और पंथी की धुनों पर ऐसी समा बांधी कि देर रात तक दर्शक झूमते रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन अशोक कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक थानसिंह मंडावी, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं सभापति गुलशन साहू, जनपद पंचायत गुण्डरदेही सभापति हेमपुष्पा साहू, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, सरपंच दमयन्तिन मार्कण्डेय एवं पूर्व सरपंच संतोष चंद्राकर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि थानसिंह मंडावी ने कहा कि लहर गंगा जैसे मंच ही छत्तीसगढ़की लोक संस्कृति को जिंदा रखे हुए हैं, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया तभी है जब हम अपनी बोली, भांस्कृति को बचाकर रखेंगे।

इस अवसर पर आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सचिव कुंदन साहू, भूपेन्द्र, अश्वनी, राकेश, नागेन्द्र, रिखी, हुमन, गुलशन, मेघनाथ, अमरदीप, मयंक, गजेन्द्र, यादराम कुमार, हिमांशु, कार्तिक, चंदन, बबलू, गणेश, गिरजा, तुषार, यांशु, गीतेश साहू, सूरज यादव, घना राम साहू, मोहन साहू, भूषण साहू, भागीरथी साहू, हेमन्त मार्कण्डेय, छगन सोनकर, सरपंच शैलेन्द्र निषाद, एवं मंथिर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

श्री भागवत आश्रम लिमतरा में 378 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



अंडा। श्री भागवत आश्रम लिमतरा में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ 378 ज्योति कलश स्थापित किए गए। ज्योति कलशों की स्थापना के साथ ही आश्रम का वातावरण भक्तिमय हो गया। मां भगवती के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्री भागवत आश्रम लिमतरा संत श्री निरंजन महाराज ने कहा कि नवरात्र के दौरान मां भगवती की आराधना का विशेष महत्व है।



भक्तजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित करते हैं। आश्रम में प्रज्ज्वलित 378 ज्योति कलश श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भक्ति के प्रतीक बने हुए हैं। अवसर पर मां भगवती की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की गई। इसी तरह जय माँ काली मंदिर में कुवांर नवरात्री में 96 ज्योति कलश रखा गया हैं। मंदिर के पुजारी गोकुल देशमुख ने कहा कि उडिसा से और चारो तरफ क्षेत्र के भक्तो द्वारा यहाँ अपने मनोकामना के लिए ज्योति कलश जलाये जाते हैं।

उसरवारा पुरूर में नवरात्रि पर छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम, विधायक आशाराम रहे मुख्य अतिथि



गुरूर। ग्राम उसरवारा पुरूर में न्यू बाल समाज दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासी उसरवारा द्वारा क्वार नवरात्रि के अवसर पर 17 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक विधानसभा क्षेत्र कांकेर आशाराम नेताम थे। अध्यक्षता सदस्य भारती खाद्य निगम छत्तीसगढ़ हलधर साहू ने किया, अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, अध्यक्ष भाजपा जनपद युवा मोर्चा मंडल पुरूर अजय कुमार श्रीसंत, पूर्व जनपद सदस्य गुरूर बाबूलाल कलिहारी एवं सरपंच ग्राम पंचायत उसरवारा दिनदयाल उइके उपस्थित थे।

पांगरी के दुर्गा पंडालों में पहुंचे पुष्पेन्द्र चंद्राकर, की पूजा-अर्चना

बालोद/कलंगपुर। ग्राम पांगरी में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में पूर्व जिला पंचायत बालोद सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्राम के दोनों दुर्गा पंडालों में पहुंचकर माता दुर्गा की पूजा–अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने बाजार चौक स्थित दुर्गा पंडाल सहित ग्राम के दूसरे दुर्गा पंडाल में भी पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि



धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। इसके पश्चात वे यादव परिवार द्वारा आयोजित जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सरपंच प्रमोद पटेल, उपसरपंच लोकेश ठाकुर, मोंटू चंद्राकर, श्रीकांत वर्मा, हरि मौर्य, शंकर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान ग्राम में उत्साह और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

शैलदेवी महाविद्यालय में गरबा महोत्सव का आयोजन







अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन हुआ। मां जगदंबा की आराधना, पारंपरिक गरबा नृत्य और भक्तिमय वातावरण से पूरा महाविद्यालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर हो उठा। महोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों के समूहों के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुतियां देकर भारतीय संस्कृति, लोकपरंपरा और सामूहिक सहभागिता का सुंदर परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर, विधायक, दुर्ग ग्रामीण उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में अजीत चंद्राकर जनपद पंचायत सदस्य, दिग्विजय सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत अण्डा, यशवंत बंजारे उपसरपंच ग्राम पंचायत अण्डा तथा तिलक चंद्राकर, मुकेश अण्डा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलदेवी महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने की। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के नाम पर गठित समूहों के माध्यम से गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों में भक्ति, उत्साह, अनुशासन, सामूहिक समन्वय और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संगम देखने को मिला। इस महोत्सव में 10 गरबा समूह क्रमशः मां बम्लेश्वरी समूह, बीसीए, मां कूष्माण्डा समूह डी.एल.एड. प्रथम वर्ष, मायनी समूह बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, मां शैलपुत्री समूह बी.कॉम., मां महागौरी समूह बी.एससी. (विज्ञान), मां सिद्धिदात्री समूह शैलदेवी आईटीआई, मां ब्रह्मचारिणी समूह डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष, मां महामाया समूह एम.एससी., मां स्कंदमाता समूह बी.एससी.-बी.एड. मां चंद्रघंटा समूह बी.एड. तृतीय सेमेस्टर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने मां जगदंबा के जयकारे के साथ सभी उपस्थित जनों को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। महाविद्यालय द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मां महामाया, एम.एस. सी. ग्रुप विजेता एवम् मां ब्रह्मचारिणी, डीएलएड ग्रुप द्वितीय वर्ष उपविजेता रहे।

पेज 9 के शेष

भालूकोन्हा गांव ...

हुआ सामना ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक, भालू का सामना मोटरसाइकिल सवार जनक ठाकुर से भी हुआ। अचानक सामने भालू को देखकर जनक ठाकुर घबरा गए और मोटरसाइकिल छोड़कर वहां से भाग निकले। इस घटना के बाद गांव में भालू को लेकर दहशत और बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भालू के सामने कोई व्यक्ति आ जाता तो गंभीर हादसा हो सकता था। वन विभाग के अनुसार, जंगलों में भोजन और पानी की तलाश में वन्यजीव कई बार आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ जाते हैं। क्षेत्र के जंगलों में करील सहित अन्य वनस्पतियां प्रचुर मात्रा में पाई जाती हैं। करीब डेढ़ से दो महीने पहले ग्राम गेंजी में भी भालू दिखाई देने का मामला सामने आया था। रेंजर प्रवेश सोनी ने बताया कि भालूकोन्हा, जाटादाह, पिंगाल सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। लोगों को अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने तथा जंगल की ओर जाने से बचने की सलाह दी गई है। वन विभाग की टीमें क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही हैं और भालू की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि सुबह-शाम अकेले सुनसान रास्तों या जंगल की ओर न जाएं। भालू दिखाई देने पर उसके पास जाने, उसे घेरने या भगाने का प्रयास न करें, बल्कि सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दें। फिलहाल ग्रामीण इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि गांव में भालू के पहुंचने और कई घरों में घुसने के बावजूद किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा है।

अवैध पटाखा भंडारण ...

अपील की है कि पटाखों का भंडारण एवं विक्रय निर्धारित नियमों तथा वैध अनुमति के अनुसार ही करें। अवैध रूप से पटाखों का भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

यक्षा साहू का...

से क्षेत्र की अन्य प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय परिवार ने यक्षा साहू को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि यक्षा राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगी। संभाग से राज्य और अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची यक्षा साहू की यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

कांदुल में सिन्हा समाज भवन का भूमिपूजन



बालोद/सिकोसा। ग्राम कांदुल में सिन्हा समाज भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में मंडलेश्वर सिन्हा समाज अजुंर्दा जसवंत सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान, सरपंच पदुमलाल साहू, प्रतिमा देवदास, अंगद देवदास, रेखु राम साहू, जीवन देवांगन, संतोष सिन्हा सहित सिन्हा समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

भरदाकला में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल संपन्न, विध्वंसक-11 सलोनी बनी विजेता



बालोद/सिकोसा। ग्राम भरदाकला में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि मंडलेश्वर सिन्हा समाज, अजुंर्दा, जसवंत सिन्हा, थे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच क्रांतिभूषण साहू, जनपद सदस्य गुंडरदेही टिकेश्वरी साहू सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। फाइनल मुकाबले में विध्वंशक–11 सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, आर.के. पैंथर्स दुर्ग की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

जिला स्तरीय पेंशनर समाज की मासिक बैठक सम्पन्न



गुण्डरदेही। जिला स्तरीय पेंशनर समाज की मासिक बैठक तहसील गुण्डरदेही पेंशनर भवन में हुआ। जिसमे तहसील गुरूर के अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी द्वारा एसबीआई खाता को 70 वर्ष पूर्व पेंशन खाता में बदलने कहा गया जिससे होने वाली लाभ के बारे में भी बताया। जिला अध्यक्ष जीके साहू ने बताया बैठक मे पेंशनर समाज के कवियों का सम्मान किया गया, जिसमें केशव साहू, शिव कुमार अंगारे, रमेश यदु, माखन लाल साहू उपस्थित थे। इनके आलावा पेंशनर समाज के हरदेव लाल दिल्लीवार 93 वर्षीय का सम्मान जिलाध्यक्ष के द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष ने आगामी माह नवंबर में जीवित प्रमाण पत्र भरने सलाह दिया गया। पेंशनर के वरिष्ठ सदस्य सियाराम श्रवण द्वारा 13 अक्टूबर को प्रांतीय बैठक के बारे में विस्तृत जानकरी दी। तहसील पेंशनर समाज गुण्डरदेही अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा आभार व्यक्त किया एवं राष्ट्रगान व दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि के साथ बैठक का समापन किया।

डुण्डेरा पंचायत को मिला पानी का टैंकर, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद के सहयोग से हुई व्यवस्था



बालोद/सिकोसा। ग्राम पंचायत डुण्डेरा में जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद के सहयोग से ग्राम को पानी का टैंकर उपलब्ध कराया गया है। सरपंच थलेश्वर कुमार सिन्हा ने बताया कि यह टैंकर न केवल धार्मिक आयोजनों में बल्कि ग्राम के दैनिक जीवन में भी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह पानी टैंकर डुण्डेरा व लासाटोला के ग्रामवासियों के लिए गर्मी के दिनों में पेयजल संकट, सामाजिक कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों एवं आपातकालीन स्थिति में यह टैंकर संजीवनी का कार्य करेगा। ग्रामवासियों ने बताया कि पहले पानी की आवश्यकता होने पर निजी टैंकर किराए पर लेना पड़ता था, जिससे पंचायत पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ता था। अब स्वयं का टैंकर होने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद उपस्थित थे।

बासीन में 29.50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण



बालोद/सिकोसा। ग्राम पंचायत बासीन में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता की उपस्थिति में कुल 29.50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा 10 लाख की लागत से नवनिर्मित टीन शेड तथा 6.50 लाख से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही, 13 लाख की लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। ग्राम पंचायत की सरपंच लोकेश्वरी देशमुख ने कहा कि इन विकास कार्यों से गांव की सूरत बदलेगी। उन्होंने ग्राम पंचायत बासिन में माध्यमिक शाला खोलने की मांग कर पूे का आग्रह किया। पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय की विचारधारा को साकार कर रही है, जिसके तहत अंतिम छोर के व्यक्ति और हर ग्राम पंचायत तक पर्याप्त विकास राशि पहुंचाई जा रही है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

खबर संक्षेप



सिरसिदा में 40 फीट ऊंचे रावण का आतिशबाजी के साथ होगा दहन

अंडा। तालाब में तैरते हुए 40 फीट ऊंचे रावण भव्य आतीसबाजी का होगा दहन, राक्षसों के जमीन अथवा आसमान में नहीं मरने जैसे चतुराई वाले वरदानों के किस्से जरूर सुने होंगे। 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को यहां सिरसिदा में इसे देखा भी जा सकता है। अंडा से 7 कि. मी. दूरी व बालोद जिला मुख्यालय से अंतिम छोड 40 किमी दूर जिले के ग्राम सिरसिदा में दशहरा पर जमीन अथवा आसमान में नहीं बल्कि तालाब के बीचोबीच तैरते हुए रावण का दहन किया जाता है। कार्यक्रम में अतिथि गण अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, ग्राम पंचायत सिरसिदा सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर सिरसिदा के समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद देवांगन,उपाध्यक्ष नेलशन देवांगन, आदर्श राम लीला मडली, कृष्ण कुमार चंद्राकर, संचालक ढाल सिंह चंद्राकर, आदर्श राम लीला मडली सदस्य, तोरण गिरधर, प्रेमलाल, धर्मराज, खिल्लू, गुलाब, कोमेंद्र, रितेश, जितेश्वर चार्ली, तानु देवेन्द्र , छन्नु धन्ना, गौ,यह जानकारी पूर्व सरपंच खेमन लाल चन्द्राकर ने दी।

त्रैमासिक परीक्षा हो चुकी है फिर भी स्कूलों में अब तक नहीं पहुंचीं नई पुस्तकें

जामगांव आर। स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा हो गई, दशहरा अवकाश भी हो गई किन्तु स्कूल में अभी तक पुस्तकें नहीं पहुंची है, नाकाम व्यवस्था से बच्चे परेशान हैं। त्रैमासिक परीक्षा हो गई, शनिवार से दशहरा अवकाश की घोषणा हो गई किन्तु इस सत्र बदली हुई नवीन पुस्तकें विशेषकर 4थीं और 7वीं की पुस्तकें विद्यार्थियों की संख्या अनुरूप स्कूलों में नहीं पहुंच पाई और आज पयंर्त अनेकों बच्चो के हाथों में पुस्तक ही नहीं है। विडंबना है समय पर पुस्तक उपलब्ध कराने में नाकाम लोग गुणवक्ता का आंकलन करते हुए अनेकों योजना बनाए जा रहे हैं, अच्छा होता बदली हुई नवीन पुस्तकों को उपलब्ध कराने में प्रशासन महती भूमिका निभाती, सभी बच्चों के हाथों में पुस्तक होती और फिर आंकलन का रिपोर्ट तैयार कर मार्गदर्शन दिया जाता। बच्चे पुस्तक का फोटो कापी कराकर अध्यापन अध्ययन की मजबूरी का दंश झेल रहे हैं, शिक्षक भी परेशान है, पालक, विद्यार्थी सभी पुस्तक की डिमांड करते हैं। जिससे शिक्षक काफी परेशान हो उठते है। दीपावली से पहले पुस्तकें मिलने का आश्वासन मिलने की जानकारी देते हुए पाटन बीआरसी गुणेश्वर वर्मा ने जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग में गुरुवार को पुस्तक के संबंध में हुए बैठक का ब्यौरा देते हुए बताए कि सभी स्कूलों में पता लगाकर पुस्तकों का आवश्यकतानुसार स्कूलों को दीपावली अवकाश के पहले पुस्तक उपलब्ध करा दी जाएगी।

मांग

धान खरीदी व्यवस्था में सुधार, परिवहन में देरी पर क्षतिपूर्ति और समितियों को 2 प्रतिशत सुपरविजन शुल्क देने की उठाई मांग

सेवा सहकारी समितियों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



सेवा सहकारी समितियों के हितों की रक्षा, धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने और समितियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में बालोद जिले के प्राधिकृत अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए समितियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। जिलाध्यक्ष

- समय पर परिवहन और धान उठाव सुनिश्चित करने की मांग

चेमन देशमुख ने कहा कि सेवा सहकारी समितियां किसानों को खाद, बीज, ऋण और फसल बीमा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही धान खरीदी जैसे शासन के महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन करती हैं। बावजूद परिवहन, तौल, बारदाना, कमीशन, धान उठाव और पर्यवेक्षण शुल्क सहित कई व्यावहारिक समस्याओं के कारण समितियों को आर्थिक एवं प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए बैंक अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि परिवहन अनुबंध का पूर्णतः पालन कराया जाए तथा निर्धारित समय पर धान का परिवहन नहीं होने पर संबंधित समितियों को क्षतिपूर्ति दी जाए। फसल बीमा कमीशन की राशि का 50 प्रतिशत समितियों को देने तथा खाद की डी.डी. एवं आर.ओ. की राशि का समायोजन खाद प्राप्त होने के बाद करने की मांग भी रखी गई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मांग पत्र में शामिल बैंक के अधिकार क्षेत्र से संबंधित विषयों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने की दिशा में पहल की जाएगी। वहीं, शासन स्तर से संबंधित मांगों को शासन के संज्ञान में लाकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में प्राधिकृत अधिकारी हरिश कटझरे, टिनेश्वर बघेल, राधेश्याम देवांगन, पवन सोनबरसा , पालक ठाकुर एवं यशवंत सिन्हाउपस्थित रहे।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने तथा पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल ड्राइव के तहत कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौंडीलोहारा के अंतर्गत अनुभाग डौंडीलोहारा के समस्त सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ, डौंडीलोहारा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत किए जा रहे कार्योंर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म–6 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। साथ ही, फॉर्म–6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया को निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने और कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी पात्र नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

कलाम जयंती पर सेंट कबीर्स पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर सेंट कबीर्स पब्लिक स्कूल, बालोद में विज्ञान प्रदर्शनी एवं वाद–विवाद

- चंद्रयान-3, सौर मंडल, जल शुद्धिकरण प्रणाली और स्मार्ट क्लास के मॉडल रहे आकर्षण

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं अनिला नायर, गरिमा साहिरे, डिंपल साहू और मेनका साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान–3, सौर मंडल, जल शुद्धिकरण प्रणाली और स्मार्ट क्लास जैसे आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही आधुनिक शिक्षा में विज्ञान की भूमिका विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षिका अनिला नायर ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचार विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देते हैं।

संजय नगर में अमृत मिशन के तहत सीमेंटीकरण कार्य, सभापति ममता कर रहीं निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 12 संजय नगर में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के बाद

- वार्डवासियों की सुविधा और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को प्राथमिकता, ठेकेदार व सुपरवाइजर को दिए आवश्यक निर्देश

सीमेंटीकरण का कार्य किया जा रहा है। वार्डवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्ड पार्षद एवं सभापति ममता यादव स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी कर रही हैं। उनके द्वारा निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुए घरेलू नल कनेक्शनों को पुनः जुड़वाने के साथ ही पुलिया एवं नाली की मरम्मत का कार्य भी गुणवत्तापूर्वक कराया जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर घरेलू नल कनेक्शन, नाली और पुलिया प्रभावित होने से वार्डवासियों को असुविधा होने की आशंका रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए ममता यादव ने संबंधित कार्यों को गंभीरता से लेते हुए क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने पर विशेष जोर दिया है, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और वार्ड की मूलभूत सुविधाएं व्यवस्थित बनी रहें।

गुणवत्ता के साथ नागरिक सुविधाओं का भी ध्यान रखने के निर्देश

पार्षद ममता यादव ने संबंधित ठेकेदार एवं सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सीमेंटीकरण सहित सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप किए जाएं। उन्होंने कार्यस्थल पर आवश्यक सावधानी बरतने और क्षतिग्रस्त नाली, पुलिया एवं घरेलू नल कनेक्शनों को व्यवस्थित रूप से दुरुस्त करने पर भी जोर दिया। वार्ड में विकास कार्यों के साथ नागरिकों की रोजमर्रा की सुविधाओं को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ममता यादव की ओर से मौके पर उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी की जा रही है, ताकि पाइपलाइन बिछाने के बाद सीमेंटीकरण का कार्य सुचारु रूप से पूरा हो और वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके।

गंगा मैया मंदिर प्रांगण में लगा जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





गंगा मैया मंदिर प्रांगण झलमला में 13 से 16 अक्टूबर तक चार दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं को बाल अधिकार, बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक व सजग बनाना रहा।

चार दिवसीय इस अभियान के दौरान मंदिर परिसर में पहुंचे 900 से अधिक श्रद्धालुओं व आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। विभागीय दल द्वारा बच्चों के बुनियादी अधिकारों, बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन, पॉक्सो एक्ट तथा बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को अवगत कराया गया। अभियान के दौरान 'मिशन वात्सल्य' के तहत बच्चों की देखरेख व संरक्षण तंत्र की जानकारी देते हुए आपातकालीन चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं की सहायता हेतु संचालित महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में बताया गया। श्रद्धालुओं को प्रेरित किया गया कि यदि समाज में कहीं भी बाल विवाह, बाल शोषण या महिलाओं के प्रति असुरक्षा की स्थिति दिखे, तो तत्काल इन हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देकर अपनी जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। मंदिर प्रांगण में जागरूकता बैनर व पोस्टरों के माध्यम से सुरक्षित वातावरण निर्माण और बच्चों के सवांर्गीण विकास का संदेश प्रसारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं और बेटियों को समान अवसर एवं सुरक्षित परिवेश प्रदान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस चार दिवसीय अभियान के सफल क्रियान्वयन में महिला एवं बाल विकास विभाग के आउटरीच वर्कर गुणवती सिरसाम, बसंती कतलाम एवं अखिलेश कुमार की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने निरंतर उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया।

नशामुक्ति, योग और आत्मरक्षा के प्रति युवाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार नशामुक्ति युवा फॉर विकसित भारत के अंतर्गत योग एवं आत्म सुरक्षा दिवस के कार्यक्रम का

- विद्यार्थियों ने नशामुक्ति का संकल्प लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का लिया संदेश

आयोजन शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरण प्रेरणा स्रोत विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके. खलखों एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन. खरे, डॉ. आरडी. साहू, प्रो. एलके टंडन उपस्थित थे। कार्यक्रम को तीन टेक्निकल सत्र में बांटा गया था, प्रथम टेक्निकल सेशन में सामूहिक योग का कार्यक्रम रखा गया जिसमें योगाचार्य पीलू राम साहू के द्वारा योग प्रोटोकॉल प्राणायाम ध्यान का अभ्यास एवं तनाव प्रबंधन पर विस्तृत परिचर्चा की गई। द्वितीय सत्र में आत्म सुरक्षा का प्रदर्शन किया गया, इसमें सुरेश प्रसाद शांडिल्य सेल्फडिफेन्स ट्रेनर के द्वारा सामूहिक अभ्यास कराया गया। तृतीय सत्र में नशा मुक्ति पर इंडियन रेड क्रॉस समिति के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप जैन के द्वारा छात्रें को नशा से संबंधित लत उसके दुष्परिणाम सामाजिक आर्थिक दुष्परिणाम इत्यादि विषयों पर छात्र–छात्राओं से विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में छात्र–छात्राओं को नशा मुक्ति से संबंधित संकल्प का वाचन कराया गया एवं नशा मुक्ति से संबंधित सेल्फी स्टैंड में बहुत ही उत्सुकता से छात्र छात्राओं के द्वारा सेल्फी ली गई। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.एन. खरे के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

गोल्डन ऑवर में मिला उपचार, बिना अग्रिम राशि के शुरू हुआ इलाज

पीएम-राहत योजना बनी सड़क हादसे में घायल विश्वराज के लिए जीवनरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा यानी गोल्डन ऑवर सबसे नाजुक और निर्णायक समय होता है। पूर्व में कई बार यह देखा जाता था कि गंभीर रूप से घायल मरीज के अस्पताल पहुंचने पर परिजन के आने या पहले पैसे जमा कराने जैसी औपचारिकताओं के फेर में अमूल्य समय नष्ट हो जाता था। इस गंभीर समस्या का स्थायी और संवेदनशील समाधान निकालते हुए शासन द्वारा लागू की गई पीएम–राहत योजना आज सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है। जिले के ग्राम करहीभदर निवासी विश्वराज ठाकुर का मामला इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, जहां त्वरित उपचार ने उनकी जान बचाकर परिवार को उजड़ने से बचा लिया।

अपनी आपबीती साझा करते हुए ग्राम करहीभरद निवासी विश्वराज ठाकुर ने बताया कि विगत 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर वे अपने दोपहिया वाहन से बालोद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम पाकुरभाट के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गई। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण वे बेसुध हो गए। मौके पर मौजूद जागरूक राहगीरों ने बिना किसी कानूनी झिझक के तत्काल आपातकालीन डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 'गोल्डन ऑवर' के भीतर ही उन्हें जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बिना एक पल गंवाए सीधे आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं देते हुए आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रियाएं शुरू कर दीं।

विश्वराज ने बताया कि अस्पताल में उनसे या उनके परिजनों से किसी भी प्रकार की अग्रिम राशि की मांग नहीं की गई। पीएम–राहत योजना के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि अस्पताल पहुंचते ही उपचार तत्काल प्रारंभ हो। इस योजना के अंतर्गत घायल के इलाज का खर्च वहन किया जाता है। इससे अस्पतालों को भी भुगतान की चिंता नहीं रहती और वे बिना किसी हिचकिचाहट के उच्चस्तरीय सर्जरी और आपातकालीन सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराते हैं।

यह पूरी प्रणाली पुलिस के इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम से डिजिटल रूप से जुड़ी हुई है। अस्पताल में मरीज के दाखिल होते ही पूरा डेटा ऑनलाइन सिंक हो जाता है, जिससे पीड़ित और उसके परिवारजनों को दफ्तरों या बिलिंग काउंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। साथ ही 'हिट–एंड–रन' या अज्ञात वाहन की टक्कर के मामलों में भी इस योजना के तहत बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क इलाज की गारंटी मिलती है।

विश्वराज ने बताया कि नए प्रावधानों से सड़क पर घायलों की मदद करने वाले राहगीरों पर भी अस्पताल का बिल चुकाने या कानूनी पूछताछ का कोई दबाव नहीं रहता, जिससे आमजन अब तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाने आगे आ रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, क्योंकि एक छोटी सी सुरक्षा जिंदगी की सबसे बड़ी ढाल बनती है।

मुसीबत के समय बिना किसी आर्थिक बोझ के नया जीवन पाने पर विश्वराज ठाकुर ने देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति दिल से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की यह संवेदनशील व्यवस्था उन जैसे हजारों सामान्य नागरिकों के लिए संजीवनी का काम कर रही है।



खबर संक्षेप



कॉलेजों में लगा विशेष मतदाता पंजीयन शिविर

बालोद। शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा एवं शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा में विशेष मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित शिविर के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु निर्धारित फॉर्म–6 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर स्थल पर ही पात्र छात्र–छात्राओं से भौतिक रूप से फॉर्म–6 संकलित किए गए। शिविर में उपस्थित प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ हैं। 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना और मतदान करना प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का पहला लोकतांत्रिक कर्तव्य है। युवाओं को अपने मताधिकार का महत्व समझना चाहिए ताकि वे देश और समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

धनोरा बाबा दरबार में आज महाअष्टमी हवन

अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम सोमवार शाम 4 बजे रखा गया है। सोमवार को शाम 4 बजे से बाबा दरबार में हवन का कार्यक्रम रखा गया है एवं रात्रि 9 बजे से हरसिद्धि दुर्गा समिति महावीर उद्यान में जगराता तृषा साहू गुढ़यारी रायपुर के मंडली द्वारा माता रानी का भजन कीर्तन जगराता कार्यक्रम। अधिक संख्या में आकर इस जगराता कार्यक्रम का लाभ उठाएं। नंद पंडा विनोद साहू ,राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, भोलू , खिलेशवर साहू, सुंदर सपरे, भुपेंद्र साहू ,लक्ष्मण साहू ,दिनेश साहू ,जीवराखन, बाबू लाल साहू, सुनील पेटर, वासुदेव सपरे उपसरपंच पुर्व मुनना गंधर्व, रोज रात्रि में गुलाब साहू हेमंत साहू भजन गायक द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम चल रहा है। यह जानकारी दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने दी।

कुथरेल में 2 1 को मनेगा दशहरा

अण्डा। दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल में सार्वजनिक दुर्गोत्सव एवं दशहरा पर्व समिति द्वारा भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। उत्सव अपने 44वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7 बजे भगवान श्रीराम दरबार की शोभायात्रा और रामलीला मंचन से होगी। रात 9 बजे ओडिशा के कटक से आए विशेषज्ञों द्वारा भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इसके बाद रावण दहन होगा। रात 10 बजे अतिथियों का स्वागत किया जाएगा, वहीं रात 11 बजे ग्राम चितौद, जिला बालोद का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सोनहा बादर' प्रस्तुत होगा।

पर्व : सांसद भोजराज नाग सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

झलमला में मां गंगा मैया की महाआरती, दीपों से जगमगाया बांधा तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम झलमला स्थित मां गंगा मैया के उद्गम स्थल बांधा तालाब और शीतला मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर बालोद जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाआरती में शामिल होकर मां गंगा मैया के दर्शन किए और पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की।

महाआरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। संध्या के समय दीपों की रोशनी, मंत्रोंच्चार और मां गंगा मैया के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बांधा तालाब के घाट पर सैकड़ों दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की जगमगाहट और आतिशबाजी के बीच मां गंगा मैया की आरती उतारी गई। इस दौरान श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ आरती में शामिल हुए। आयोजन ने क्षेत्र की धार्मिक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। महाआरती के अवसर पर कांकेर सांसद भोजराज नाग, पवन साहू, बालोद विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक राकेश छोटू यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पालक ठाकुर तथा ग्राम पंचायत झलमला की सरपंच चुम्मन थानू ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गंगा मैया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोहन लाल टावरी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गिरधर पटेल, शीतला मंदिर समिति के थानू ठाकुर एवं आशीष साहू, ग्राम विकास समिति के सचिव आदित्य दुबे, हरीश साहू, हेमंत सिन्हा, उपसरपंच हितेश ठाकुर सहित समस्त ट्रस्टीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं ने मां गंगा मैया के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। दीपों से सजे तालाब के घाट और सामूहिक आरती ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया। धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में आपसी सद्भाव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। श्रद्धालुओं के लिए यह अवसर आध्यात्मिक अनुभूति और भक्ति का यादगार पल रहा।



चैतन्य देवियों की झांकी के चौथे दिन उमड़े श्रद्धालु बीके पूर्णिमा ने बताया आध्यात्मिक रहस्य

बालोद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आत्मज्ञान भवन आमापारा, बालोद में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के चौथे दिवस बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे।। कार्यक्रम का उद्घाटन दल्लीराजहरा सेवाकेंद्र की संचालिका बी.के. पूर्णिमा एवं बालोद व्यापारी संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमोद गोलछा, पुखराज जैन, शांतिलाल जैन, राजेश सोनी सहित बीके. विजयलक्ष्मी एवं नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन किया और इसकी आध्यात्मिक विशेषताओं को जाना। बीके. पूर्णिमा ने झांकी का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा कि देवियों को सदैव शिवशक्ति कहा जाता है, क्योंकि सभी देवियां परमात्मा शिव से शक्ति प्राप्त करके ही पूजनीय बनी हैं। परमात्मा शिव स्वयं निराकार हैं और वे अपने दिव्य कार्य को साकार करने के लिए मातृशक्ति को निमित्त बनाते हैं। उन्हें ज्ञान, शक्ति और पवित्रता प्रदान कर मानव कल्याण के कार्य में सहयोगी बनाते हैं। इसी कारण देवियों को शिवशक्ति के रूप में स्मरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना करने के साथ–साथ उनके दिव्य गुणों को अपने जीवन में धारण करना भी आवश्यक है। बीके. पूर्णिमा ने कहा कि आज के समय में मनुष्य को बाहरी चुनौतियों के साथ–साथ अपने मन के विकारों, क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष पर विजय प्राप्त करने की भी आवश्यकता है। चैतन्य झांकी की विशेषता है कि इसमें पांचों देवियों के सजीव स्वरूपों के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। झांकी का आयोजन प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 10 बजे तक किया जा रहा है।

अष्टमी पर नौ कन्या भोज कराया



जामगांव आर। शारदीय नवरात्रि में दुर्गा अष्टमी के पावन दिवस पर नौ कन्या भोज, मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के का विशेष महत्व की अवधारणा को ध्यान रखते हुए मदन लाल केला,भीखमचंद राठी, चम्पालाल केला, सुभाष केला, पंचू ठाकुर, दीपेश पाण्डेय आदि के घरों में आदर सम्मान के साथ नौ कन्या को आमंत्रित कर पैर धोकर पैर पोंछकर माहुर लगाए, पूजा अर्चना किए, भोजन कराए, पेन, भेंट देते हुए पैर छू कर प्रणाम किए। हिंदू शास्त्रें में इस अनुष्ठान को अत्यंत पवित्र माना गया है, जिसके बिना नवरात्रि के नौ दिनों का व्रत और साधना अधूरी मानी जाती है। नौ कन्याओं के साथ एक छोटे बालक को भी भोजन कराया जाता है, जिसे लांगुरिया या भगवान शिव के अवतार भैरव का रूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि माता की पूजा भैरव के दर्शन या उपस्थिति के बिना पूर्ण नहीं होती है। समाज सेवी डॉ गुलाब सिंह साहू ने बताया कि नौकन्या भोज समाज को नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा का एक गहरा संदेश देता है। यह अनुष्ठान हमें सिखाता है कि बेटियां और महिलाएं समाज या परिवार पर बोझ नहीं बल्कि साक्षात लक्ष्मी और शक्ति का स्वरूप हैं, जिनकी शिक्षा, सुरक्षा और आदर करना प्रत्येक मनुष्य का परम कर्तव्य है।

सखी महिला मंडल देवरी ने निकाली चुनरी यात्रा

डौंडीलोहारा। सखी महिला मंडल देवरी के तत्वावधान में नवरात्र पर्व के अवसर पर धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में जगह-जगह उत्साह का माहौल देखने को मिला। चुनरी यात्रा के साथ विभिन्न दुर्गा एवं सरस्वती पूजा पंडालों में गरबा का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भक्तिमय वातावरण को और भी आकर्षक बना दिया। चुनरी यात्रा का शुभारंभ सखी महिला मंडल कार्यालय मार्रीबंगला से हुआ। यात्रा मां शीतला मंदिर मार्रीबंगला, मां सरस्वती भक्त मंडल चौखड़ियापारा, जय बजरंग दुर्गोत्सव समिति गायत्री मंदिर, नव ज्योति दुर्गा उत्सव समिति भरकापारा तथा न्यू बस स्टैंड सरस्वती उत्सव समिति देवरीबंगला होते हुए बस स्टैंड मार्रीबंगला स्थित

- महिला एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का दिखा संगम, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

न्यू लियो क्लब सरस्वती उत्सव समिति के पंडाल पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। विभिन्न पूजा पंडालों में सखी महिला मंडल की सदस्यों ने गरबा प्रस्तुत कर धार्मिक आस्था के साथ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं और महिला एकजुटता का सुंदर परिचय दिया। नवरात्र के उल्लास के बीच महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। चुनरी यात्रा का शुभारंभ महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मोना टूवानी, जनपद अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, जनपद सदस्य चित्ररेखा साहू एवं दुलारी देवांगन, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष भूनेश्वरी ठाकुर, महामंत्री डोमेश्वरी मंडावी, माया चंद्राकर, ऊर्मिला साहू, सरपंच नेमीन साहू, लीना वैष्णव एवं नीलम मालू की उपस्थिति में हुआ।

सखी महिला मंडल देवरी के इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। चुनरी यात्रा के माध्यम से महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त करने के साथ सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

दुर्गा अष्टमी पर भक्तिमय रहा माहौल, मंदिरों में हवन-पूजन और बस स्टैंड परिसर में विशाल भंडारा



बालोद। क्वांर नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी पर रविवार को शहर सहित ग्रामीण अंचलों में भक्तिमय माहौल रहा। मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की गई। इस अवसर पर देवी मंदिरों और देवालयों में हवन–पूजन कर पूर्णाहुति दी गई। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन–पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। भक्तों ने हवन में आहुतियां देकर परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अष्टमी तिथि दो दिन होने के कारण रविवार और सोमवार को भी विभिन्न स्थानों पर हवन–पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शहर के कई मंदिरों में सुबह 11 बजे से हवन शुरू हुआ, जबकि कुछ स्थानों पर दोपहर 12 बजे के बाद धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। शहर के शीतला मंदिर में दोपहर एक बजे पंडित ने मंत्रेच्चार के साथ हवन की शुरुआत कराई। श्रद्धालुओं ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। देर शाम तक विभिन्न स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी रहा।

- महागौरी स्वरूप की हुई पूजा, मंदिरों में हवन कर दी गई पूर्णाहुति

दुर्गा अष्टमी के अवसर पर रविवार को जय मां काली दुर्गोत्सव समिति एवं पुराना बस स्टैंड स्थित चंडी मंदिर समिति की ओर से दोनों बस स्टैंड परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन से हुई। इसके बाद मां काली की हवन–पूजन कर पूर्णाहुति दी गई और विधिवत पूजा–अर्चना के पश्चात भंडारा शुरू किया गया।

दोपहर एक बजे शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं को हलवा, पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी और काले चने का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाएं संभालते हुए श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित किया गया।

जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल मां गंगा मैया मंदिर, झलमला में सोमवार को हवन–पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार के साथ हवन कराया जाएगा और पूर्णाहुति दी जाएगी। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में दर्शन–पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।

चैतन्य देवियों की झांकी का तीसरे दिन, लक्ष्मी सरस्वती काली, उमा और मां दुर्गा की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र



डौण्डीलोहारा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा के तत्वावधान में रामनगर समता कॉलोनी में चैतन्य देवियों की भव्य झांकी एवं शिव ज्ञान चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 9:30 बजे तक आयोजित इस झांकी को देखने के लिए श्रद्धालुओं और नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लंबे समय बाद नगर में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन होने से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर देवी स्वरूपों के दर्शन कर रहे हैं।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस का शुभारंभ पत्रकार बंधुओ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पावन देवांगन, राकेश सांखला, धीरेंद्र टांक, माया ठाकुर, हर्षा देवांगन, रंजना राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राचार्य टी.आर. रानाडे, अधिवक्ता टुमन लाल साहू, भावसिंह साहू, कन्हैया बारले, ब्रह्माकुमारीज डौण्डीलोहारा की प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी एवं चन्द्रलता दीदी उपस्थित रहीं।

झांकी में मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, मां काली, मां उमा देवी सहित ब्रह्माकुमारी की आकर्षक चैतन्य झांकियां सजाई गई हैं। देवी स्वरूपों की मनमोहक सजावट के साथ ध्वनि और प्रकाश का सुंदर समायोजन किया गया है, जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति के साथ देवी स्वरूपों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। वहीं शिव ज्ञान चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान एवं जीवन मूल्यों से जुड़े संदेश भी दिए जा रहे हैं।

आयोजन स्थल पर पहुंच रहे श्रद्धालु झांकियों को निहारने के साथ आध्यात्मिक वातावरण का आनंद ले रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज की ओर से कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंटकर सम्मानित किया गया।

नशा एवं मांसाहार से दूर रहने की अपील

महाविद्यालय में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग शिक्षक पीलू राम साहू ने शिविरार्थियों को योग के विभिन्न अभ्यासों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवन जीने की कला से अवगत कराया। उन्होंने नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही मन को शांत और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

योग शिक्षक पीलू राम साहू ने शिविरार्थियों को योग के महत्व और इसके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण लोग अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में नियमित योगाभ्यास, संतुलित दिनचर्या और अच्छी आदतों को अपनाकर जीवन को अधिक स्वस्थ एवं अनुशासित बनाया जा सकता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम भी है।

उन्होंने शिविरार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का उपयोग शिक्षा, खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों में करना चाहिए। उन्होंने खानपान में संयम बरतने तथा सात्विक जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर के दौरान योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। शिविरार्थियों ने भी योग को अपने जीवन में अपनाने तथा प्रतिदिन अभ्यास करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में कहा, "योग करेंगे, रोज करेंगे।" शिविर का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

हत्या में फरार आरोपी पर इनाम घोषित

भिलाई। हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी पर पुलिस ने ईनाम घोषित किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि लुचकीपारा, वार्ड 07 दुर्ग निवासी रविदास मानिकपुरी हत्या के मामले में फरार चल रहा है। पुलिस ने इसके ऊपर दस हजार रुपए नगद घोषित किया है। आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया गया। पता नहीं चल मिलने पर आम नागरिकों से सहयोग नगद इनाम रखा गया था।गोपनीय तरीके से पुलिस ने तलाश करना शुरु किया। क्लू मिलने पर रविदास को पकड़ा गया।



